MA Hindi

**14P 237 4**

Question Booklet No......................

(To be filled up by the candidate by **blue/black ball-point pen**)

Roll No. | | | | | | | | | |

Roll No.
(Write the digits in words) ..........................................................................................

Serial No. of Answer Sheet ..............................................

Day and Date .................................. ............................................ *(Signature of Invigilator)*

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the **Answer Sheet**)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.

2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***

3. A separate Answer Sheet is given. ***It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***

4. Write your ***Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen*** in the space provided above.

5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***

6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on **OMR** sheet and Roll No. and **OMR** sheet No. on the Question Booklet.

7. Any changes in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfair means.

8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. ***For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***

9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.

10. ***Note that the answer once filled in ink cannot be changed.*** If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).

11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.

12. Deposit ***only the OMR Answer Sheet*** at the end of the Test.

13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.

14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गए हैं]

Total No. of Printed Pages : 32

collegedunia
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## No. of Questions/प्रश्नों की संख्या : 150

*Time* : 2 *Hours* *Full Marks* : 450

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 450

**Note** : Attempt as many questions as you can. Each question carries 3 (***Three***) marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer.*** Zero mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें । प्रत्येक प्रश्न 3 (*तीन*) अंक का है । *प्रत्येक गलत उत्तर के लिए* 1 (*एक*) *अंक काटा जायेगा* । प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक *शून्य* होगा ।

1. निम्नलिखित में से कौन सा कथन भाषा को पारिभाषित करता है ?

(1) भाषा विचार विनिमय का माध्यम है ।

(2) भाषा योग्यता प्रदर्शन का साधन है ।

(3) भाषा में नये नये विचारों या अनुभवों को व्यक्त करने की क्षमता होती है ।

(4) भाषा में दूसरों को प्रभावित करने की क्षमता होती है ।

2. मुंगेर, भागलपुर, हजारीबाग में बोली जाने वाली भाषा कौन सी है ?

(1) मालवी (2) मारवाड़ी

(3) भोजपुरी (4) मगही

3. भाषा या भाखा के स्थान पर 'हिन्दी' या 'हिन्दवी' का सबसे पहले प्रयोग किसने किया था ?

(1) अमीर खुसरो (2) मलिक मुहम्मद जायसी

(3) मंझन (4) इंशा अल्ला खाँ



collegedunia
India's largest Student Review Platform

4. देवनागरी लिपि में सुधारों का आरम्भिक प्रयत्न किसने किया था ?

(1) राहुल सांकृत्यायन (2) सुनीतिकुमार चटर्जी

(3) बालगंगाधर तिलक (4) महादेव गोविन्द रानाडे

5. संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट 18 भाषाओं में से कौन सी भाषा नहीं है ?

(1) नेपाली (2) मैथिली

(3) मणिपुरी (4) कोंकणी

6. सही कथन चुनिए—

(1) 'य' और 'व' ध्वनियाँ अर्धस्वर कहलाती हैं।

(2) व्यंजन का उच्चारण बिना स्वर के हो सकता है।

(3) अवधेश का विग्रह अव +धेश है।

(4) हिन्दी में व्यंजनों की संख्या साठ है।

7. शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्—यह काव्यलक्षण किसका है ?

(1) मम्मट (2) भामह

(3) विश्वनाथ (4) कुन्तक

8. अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा लीन। अधम व्यंजना रस कुटिल, उलटी कहत नवीन। यह कथन है—

(1) भूषण (2) भिखारीदास

(3) देव (4) चिन्तामणि



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

9. हृदय की मुक्तावस्था को रसदशा किसने कहा है ?

(1) पण्डितराज जगन्नाथ
(2) रामचन्द्र शुक्ल
(3) नगेन्द्र
(4) नामवर सिंह

10. निम्नलिखित में से शैलीविज्ञान का उपकरण कौन नहीं है ?

(1) चयन
(2) विचलन
(3) अलंकार विधान
(4) समानान्तरता

11. द रिपब्लिक के रचयिता हैं—

(1) प्लेटो
(2) अरस्तू
(3) लांजाइनस
(4) इलियट

12. 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल' के रचनाकार हैं—

(1) शिवसिंह सेंगर
(2) रामचन्द्र शुक्ल
(3) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(4) रामकुमार वर्मा

13. हिन्दी का पहला दैनिक समाचार पत्र कौन है ?

(1) उदन्त मार्तण्ड
(2) बनारस अखबार
(3) मतवाला
(4) बंगाल गजट





collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

14. कविवचन सुधा नामक पत्रिका का प्रकाशन किसने किया ?

(1) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(3) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(4) शिवपूजन सहाय

15. स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के किन अनुच्छेदों में विवेचित किया गया है—

(1) अनुच्छेद 14 से 18
(2) अनुच्छेद 23 से 26
(3) अनुच्छेद 19 से 22
(4) अनुच्छेद 43 से 46

16. समाचार के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा वाक्य सही है ?

(1) समाचार सच्चाई तथा कल्पना का मिश्रण है ।
(2) समाचार कभी बासी नहीं होता ।
(3) आज का समाचार आने वाले कल का इतिहास है ।
(4) दूर के समाचार अधिक महत्वपूर्ण होते हैं ।

17. निम्नलिखित में से फोर्ट विलियम कालेज में 'भाखा मुंशी' कौन था ?

(1) इंशा अल्ला खाँ
(2) गिलक्राइस्ट
(3) हेमचन्द्र
(4) लल्लू लाल

18. देवनागरी लिपि में सुधारों का आरम्भिक प्रयत्न किसने किया ?

(1) राहुल सांकृत्यायन
(2) सुनीतिकुमार चटर्जी
(3) बालगंगाधर तिलक
(4) महादेव गोविन्द रानाडे



*(Continued)*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

19. हिन्दी साहित्य सम्मेलन का संस्थापक कौन था ?

(1) मदनमोहन मालवीय (2) पुरुषोत्तमदास टण्डन

(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी (4) राधाकृष्ण दास

20. भारत सरकार का कौन सा विभाग हिन्दी को इलैक्ट्रॉनिक मीडिया और कम्प्यूटर की सक्षम भाषा बनाने हेतु सतत प्रयत्नशील है ?

(1) राजभाषा विभाग (2) शिक्षा विभाग

(3) इलैक्ट्रॉनिक विभाग (4) संचार विभाग

21. अपभ्रंश भाषा का काल इनमें से क्या है ?

(1) 1500 ई.पू. से 500 ई.पू. तक (2) 500 ई.पू. से 1 ई. तक

(3) 500 ई. से 1000 ई. तक (4) 1000 ई. से 1500 ई. तक

22. सन्देश रासक के रचयिता हैं—

(1) खुसरो (2) अब्दुर्रहमान

(3) अबुल फज़ल (4) जगनिक

23. आधुनिक देवनागरी लिपि का प्राचीन रूप है—

(1) खरोष्ठी (2) पालि

(3) सूत्रलिपि (4) ब्राह्मी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

24. सिन्धु लिपि को बाएँ से दाएँ पढ़ने और उसे तमिल भाषा में परिवर्तित करने वाले विद्वान् थे—

(1) रेवरेण्ड हेरास
(2) वैडल
(3) जी. आर. हन्टर
(4) डेविड डिरिंगर

25. टाइफून शब्द किस भाषा का है ?

(1) फारसी
(2) अंग्रेजी
(3) जापानी
(4) संस्कृत

26. अपनी-अपनी डफली-अपना राग-कहावत का अर्थ है—

(1) अपने काम से काम
(2) सभी अपनी अपनी व्यथा से पीड़ित हैं
(3) मनमानी करना
(4) निरन्तर अपने काम में लगे रहना

27. भविसयत्तकहा के रचनाकार कौन हैं ?

(1) धनपाल
(2) जगनिक
(3) नरपतनाल्ह
(4) पुष्पदन्त

28. इनमें से कौन सी बोली बिहारी की नहीं है—

(1) मारवाड़ी
(2) मगही
(3) भोजपुरी
(4) मैथिली



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

29. राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ ?

(1) 1950 (2) 1955

(3) 1960 (4) 1976

30. संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव कब पास किया ?

(1) 14 सितम्बर, 1950 (2) 26 जनवरी, 1950

(3) 14 सितम्बर, 1949 (4) 15 अगस्त, 1947

31. 'यदि तुम आते तो मैं जाता'—वाक्य का काल निर्धारित कीजिए—

(1) पूर्ण भूत (2) संदिग्ध भूत

(3) आसन्न भूत (4) हेतु हेतुमद् भूत

32. 'आलपीन' और 'गमला' किस विदेशी भाषा के शब्द हैं—

(1) फ्रेंच (2) पुर्तगाली

(3) अंग्रेजी (4) जापानी

33. निम्नलिखित में से रसवादी आचार्य कौन है ?

(1) आचार्य भामह (2) आचार्य वामन

(3) कुन्तक (4) भट्ट नायक



collegedunia
India's largest Student Review Platform

34. इनमें कौन सा काव्य गुण नहीं है—

(1) प्रसाद (2) सौकुमार्य

(3) ममता (4) उदारता

35. चित्रतुरंगन्याय किसका सिद्धान्त है—

(1) आचार्य शंकुक (2) भट्ट नायक

(3) भट्ट लोल्लट (4) अभिनवगुप्त

36. साहित्य अनुकरण का अनुकरण है— यह किसका कथन है ?

(1) अरस्तू (2) प्लेटो

(3) होरेस (4) इलियट

37. साहित्य सृष्टि के लिए सभ्यता, भाषा, साहित्य, साहित्यकार के मस्तिष्क की प्रौढ़ता अनिवार्य है। यह कथन किसका है ?

(1) मैथ्यू आर्नल्ड (2) रिचर्ड्स

(3) इलियट (4) कॉलरिज

38. हिन्दी के आधुनिक काल के किस युग की कविता में स्वच्छन्दतावादी कल्पना को सर्वाधिक महत्त्व दिया गया है—

(1) द्विवेदी युग (2) छायावादी युग

(3) प्रगतिवादी युग (4) प्रयोगवादी युग



collegedunia
India's largest Student Review Platform

39. कविता मनुष्य को स्वार्थसम्बन्धों के संकुचित घेरे से ऊपर उठाती है— यह किसका कथन है ?

(1) रामचन्द्र शुक्ल (2) नगेन्द्र

(3) नन्ददुलारे वाजपेयी (4) शान्तिप्रिय द्विवेदी

40. द रिपब्लिक किसकी कृति है ?

(1) मैथ्यू आर्नल्ड (2) प्लेटो

(3) लांजाइनस (4) अरस्तू

41. काव्यनिर्णय के रचनाकार हैं—

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी (2) चिन्तामणि

(3) घनानन्द (4) भिखारीदास

42. लक्षणा की परिभाषा है—

(1) अन्यार्थ को स्वीकार करना

(2) मुख्यार्थ का बाधित होना

(3) मुख्यार्थ के बाधित होने पर उससे सम्बन्धित अन्यार्थ आरोपित करना

(4) लक्षण युक्त होना

43. उदात्त के विषय में किसकी रचना है ?

(1) नगेन्द्र (2) निर्मला जैन

(3) नामवर सिंह (4) रामविलास शर्मा

 

collegedunia
India's largest Student Review Platform

44. अदेशजो हि वेषस्तु न शोभां जनयिष्यति । मेखलारसि बन्धे तु हास्यायैवोपजायते । भरत का यह कथन किस परिप्रेक्ष्य में है—

(1) रस
(2) ध्वनि
(3) औचित्य
(4) वक्रोक्ति

45. इनमें से असत्य कथन छाँटिए—

(1) प्रतीयमान अर्थ का सम्बन्ध व्यंग्यार्थ से है ।
(2) ध्वनिकाव्य में व्यंग्यार्थ प्रमुख होता है ।
(3) गुणीभूत व्यंग्य में व्यंग्यार्थ प्रमुख होता है ।
(4) चित्रकाव्य में व्यंग्यार्थ नहीं होता ।

46. इनमें से कौन सा अनुभाव के अन्तर्गत नहीं आता

(1) स्वेद
(2) ग्लानि
(3) अश्रु
(4) रोमांच

47. बाँधा था विधु को किसने इन काली जंजीरों से । मणि वाले फणियों का मुख क्यों भरा हुआ था हीरों से—में कौन सा अलंकार है ?

(1) रूपक
(2) श्लेष
(3) रूपकातिशयोक्ति
(4) मानवीकरण

48. निसिदिन बरसत नयन हमारे— इस पंक्ति में कौन सा रस है ?

(1) करुण
(2) भयानक
(3) विप्रलम्भ
(4) अद्भुत



(Continued)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

49. शोभित मंचन की अवली गजदंतमयी छवि उज्जलु छाई— में कौन सा छन्द है ?

(1) किरीट
(2) छप्पय
(3) मत्तगयन्द सवैया
(4) हरिगीतिका

50. विख्यात मार्क्सवादी समीक्षक हैं—

(1) रामविलास शर्मा
(2) शान्तिप्रिय द्विवेदी
(3) आ. रामचन्द्र शुक्ल
(4) रामस्वरूप चतुर्वेदी

51. मनहुँ उमगि अंग अंग छवि छलकै—तुलसी की इस पंक्ति में कौन सी शब्दशक्ति है ?

(1) अभिधा
(2) लक्षणा
(3) व्यंजना
(4) तात्पर्या

52. सहज भाषा का प्रश्न निबन्ध के लेखक हैं—

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(2) रामचन्द्र शुक्ल
(3) रामविलास शर्मा
(4) नगेन्द्र

53. रोमेंटिसिज्म का जन्मदाता इनमें से किसको माना जाता है ?

(1) कार्ल मार्क्स
(2) विक्टर ह्यूगो
(3) रूसो
(4) अरस्तू



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

54. कौन सा कथन असत्य है ?

(1) कल्पना बुद्धि के नियंत्रण से मुक्त होती है ।

(2) कल्पना का आलम्बन अप्रत्यक्ष होता है ।

(3) कल्पना इच्छा प्रेरित नहीं होती ।

(4) कल्पना की सामग्री बिम्बरूप में मस्तिष्क में संचित होती है ।

55. द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद किस काव्यधारा का आधार है ?

(1) छायावाद (2) प्रगतिवाद

(3) प्रयोगवाद (4) नई कविता

56. निम्न में से कौन सा निबन्धकार भारतेन्दु युग का नहीं है ?

(1) बालकृष्ण भट्ट (2) बालमुकुन्द गुप्त

(3) प्रतापनारायण मिश्र (4) श्रीनिवास दास

57. हिन्दी में यथार्थवादी एकांकी के जनक हैं—

(1) रामकुमार वर्मा (2) उपेन्द्रनाथ अश्क

(3) उदयशंकर भट्ट (4) भुवनेश्वर

58. निम्नांकित में से कौन मनोविश्लेषण प्रधान कथाकार नहीं है ?

(1) इलाचन्द्र जोशी (2) अज्ञेय

(3) सुदर्शन (4) जैनेन्द्र कुमार





collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

59. हिन्दी में दलित साहित्य की पहली आत्मकथा किसने लिखी ?

(1) ओमप्रकाश वाल्मीकि ने
(2) मोहनदास नैमिषराय ने
(3) सूरजपाल ने
(4) कौसल्या बैसन्त्री ने

60. उत्तरआधुनिकता पदबन्ध का सबसे पहले प्रयोग किसने किया ?

(1) जॉन बार्थ
(2) देरिदा
(3) ल्योतार
(4) फ्रेडरिक जेमसन

61. उत्तरसंरचनावाद ने अधिक बल दिया है—

(1) शैली पर
(2) सही पाठ पर
(3) विश्लेषण पर
(4) लेखन पर

62. ठेले पर हिमालय निबन्ध किसने लिखा है ?

(1) विवेकीराय
(2) कुबेरनाथ राय
(3) धर्मवीर भारती
(4) नन्ददुलारे बाजपेयी

63. कबीर की भाषा के सम्बन्ध में हजारीप्रसाद द्विवेदी ने क्या कहा है ?

(1) उनकी भाषा सधुक्कड़ी है ।
(2) वे वाणी के डिक्टेटर हैं ।
(3) उनकी भाषा ग्रामीण है ।
(4) उनकी भाषा का एक निश्चित रूप नहीं है ।



collegedunia India's largest Student Review Platform

64. जगीं वनस्पतियाँ अलसाई, मुख धोती शीतल जल से—में कौन सा अलंकार है ?

(1) उपमा
(2) उत्प्रेक्षा
(3) मानवीकरण
(4) विशेषोक्ति

65. हिन्दी साहित्य के आदिकाल को वीरगाथाकाल नाम किसने दिया है ?

(1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(2) मिश्रबन्धु
(3) डॉ. रामकुमार वर्मा
(4) शिवसिंह सेंगर

66. किस इतिहासकार ने हिन्दी साहित्य के लेखकों और कवियों को कालक्रमानुसार सर्वप्रथम वर्गीकृत किया ?

(1) मिश्रबन्धु
(2) ग्रियर्सन
(3) रामचन्द्र शुक्ल
(4) गार्सा-द-तासी

67. उर्दू शब्द किस भाषा का है ?

(1) अरबी
(2) फारसी
(3) तुर्की
(4) हिन्दी

68. 1988 में एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की पत्रिका के विशेषांक के रूप में किस कृति का प्रकाशन हुआ ?

(1) बंगाल गजट
(2) द मार्डर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान
(3) इस्त्वार-द-ला-लितेरेत्यूर एन्दुइ ऐन्दुस्तानी
(4) भक्तमाल



collegedunia
India's largest Student Review Platform

69. आ. रामचन्द्र शुक्ल के 'इतिहास ग्रन्थ' का नाम बताइए—

(1) हिन्दी साहित्य का अतीत
(2) हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास
(3) हिन्दी साहित्य का इतिहास
(4) रसमीमांसा

70. हिन्दी साहित्य के इतिहास के आदिकाल का नाम 'बीजवपनकाल' किसने किया ?

(1) मिश्रबन्धु
(2) रामशंकर शुक्ल रसाल
(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(4) श्यामसुन्दर दास

71. उक्ति व्यक्ति प्रकरण के रचनाकार हैं—

(1) ज्योतिरीश्वर ठाकुर
(2) दामोदर पण्डित
(3) हेमचन्द्राचार्य
(4) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

72. नागरी प्रचारिणी सभा से प्रकाशित पृथ्वीराज रासो में कितने समय हैं—

(1) 65
(2) 68
(3) 69
(4) 70

73. भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना कब हुई ?

(1) 1935
(2) 1936
(3) 1938
(4) 1940





collegedunia
India's largest Student Review Platform

74. क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल है— यह पंक्ति किस काव्यकृति की है ?

(1) उर्वशी (2) हुंकार

(3) रेणुका (4) सामधेनी

75. इनमें से कौन सी विशेषता सूफी काव्यों की नहीं है ?

(1) रहस्यवादी भावना

(2) हिन्दू संस्कृति का चित्रण

(3) लौकिक प्रेम के माध्यम से अलौकिक प्रेम की प्राप्ति

(4) ब्रजभाषा का प्रयोग

76. रसरहस्य के रचयिता इनमें से कौन हैं ?

(1) सोमनाथ (2) चिन्तामणि

(3) कुलपति मिश्र (4) नेवाज

77. निम्नांकित में से संगत अनुक्रम कौन सा है ?

(1) धूप के धान-गिरिजाकुमार माथुर—1948

(2) लोकायतन-गिरिजाकुमार माथुर—1945

(3) तारसप्तक-अज्ञेय—1948

(4) तारसप्तक-अज्ञेय—1943

78. बकरी किसकी रचना है ?

(1) महादेवी वर्मा (2) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(3) भगवतीचरण वर्मा (4) रामकुमार वर्मा



collegedunia
India's largest Student Review Platform

79. तमस का लेखक कौन है ?

(1) राजेन्द्र यादव
(2) श्रीलाल शुक्ल
(3) भीष्म साहनी
(4) अमृतलाल नागर

80. निम्नांकित में से असंगत अनुक्रम कौन सा है ?

(1) स्वामी हरिदास—सखी सम्प्रदाय
(2) स्वामी हित हरिवंश—राधा वल्लभी सम्प्रदाय
(3) रामानुजाचार्य—श्री सम्प्रदाय
(4) मध्वाचार्य—गौड़ीय सम्प्रदाय

81. आलवार भक्तों का मूल स्थान कहाँ था ?

(1) उत्तर भारत
(2) पूर्वोत्तर भारत
(3) दक्षिण भारत
(4) महाराष्ट्र

82. कबीर का जन्म कब माना जाता है ?

(1) 1455 ई.
(2) 1350 ई.
(3) 1352 ई.
(4) 1398 ई.

83. इनमें से सन्त काव्य की प्रवृत्ति कौन सी नहीं है ?

(1) बाह्याडम्बरों का खण्डन
(2) जाति-पाँति का खण्डन
(3) आचरण की शुद्धता पर बल
(4) सगुणोपासना



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

84. तन चितउर मन राजा कीन्हा—पंक्ति किस काव्य ग्रन्थ की है ?

(1) मृगावती (2) पद्मावत

(3) मधुमालती (4) चित्रावली

85. स्वयंभू के रामकथा पर आधारित काव्य का नाम क्या है ?

(1) पउमचरिउ (2) महापुराण

(3) उत्तरपुराण (4) रामचरियम्

86. श्रीकृष्ण लीलाओं का हिन्दी कवियों ने जो वर्णन किया, उसका उपजीव्य ग्रन्थ था—

(1) भगवद्गीता (2) महाभारत

(3) विष्णुपुराण (4) श्रीमद्भगवतपुराण

87. आधुनिक काल के लिए इनमें से कौन सा नाम नहीं दिया गया है—

(1) वर्तमान काल (2) गद्यकाल

(3) सामयिक काल (4) आधुनिक काल

88. हमारे मत में हिन्दी और उर्दू दो बोली न्यारी न्यारी हैं— यह कथन किस लेखक का है ?

(1) सर सैयद अहमद खाँ (2) राजा लक्ष्मण सिंह

(3) राजा शिवप्रसाद सितारेहिंद (4) इंशा अल्ला खाँ



collegedunia
India's largest Student Review Platform

89. इनमें से कौन सी कहानी मन्नू भंडारी की नहीं है—

(1) जिन्दगी और जोंक
(2) बन्ददरवाजों का साथ
(3) त्रिशंकु
(4) मैं हार गई

90. इनमें से कौन सा निबन्ध अध्यापक पूर्णसिंह का नहीं है ?

(1) कन्यादान
(2) आचरण की सभ्यता
(3) लज्जा और ग्लानि
(4) मजदूरी और प्रेम

91. भारतेन्दु का पहला मौलिक नाटक कौन सा है ?

(1) नील देवी
(2) विषस्य विषमौषधम्
(3) भारत जननी
(4) सती प्रताप

92. कौन सा कवि तीसरे सप्तक का नहीं है ?

(1) कीर्ति चौधरी
(2) मदन वात्स्यायन
(3) केदारनाथ अग्रवाल
(4) केदारनाथ सिंह

93. जो बिम्ब एक से अधिक इन्द्रियों को तृप्त करते हैं, वे किस वर्ग में आएँगे ?

(1) एकीकृत बिम्ब
(2) जटिल बिम्ब
(3) संकुल बिम्ब
(4) चाक्षुष बिम्ब



collegedunia
India's largest Student Review Platform

94. दिवास्वप्नात्मक अथवा दुःस्वप्नात्मक बिम्ब का दूसरा नाम क्या है ?

(1) मिथक (2) प्रतीक

(3) कल्पना (4) फैन्टेसी

95. 'नाटक जारी है' कविता संग्रह के रचयिता कौन हैं ?

(1) नरेश मेहता (2) लीलाधर जगूड़ी

(3) धूमिल (4) मुक्तिबोध

96. दिनकर की किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ?

(1) उर्वशी (2) संस्कृति के चार अध्याय

(3) कुरुक्षेत्र (4) हुंकार

97. इनमें से किस लेखक ने शरद् चन्द्र की जीवनी लिखी है—

(1) अमृतराय (2) रामविलास शर्मा

(3) अज्ञेय (4) विष्णु प्रभाकर

98. अति सूधो सनेह को मारग है, जहाँ नेकु सयानप बाँक नहीं— यह पंक्ति किस कवि की है ?

(1) पद्माकर (2) मतिराम

(3) ग्वाल कवि (4) घनानन्द



collegedunia
India's largest Student Review Platform

99. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने रीतिकाल की समय सीमा कब से कब तक मानी है ?

(1) 1300-1700 वि.

(2) 1375-1700 वि.

(3) 1700-1900 ई.

(4) 1775-1900 ई.

100. रनित भृंग घंटावली, झरित दान मधु नीर— में बिहारी ने किस ऋतु का वर्णन किया है ?

(1) ग्रीष्म ऋतु

(2) शरद ऋतु

(3) पावस ऋतु

(4) बसन्त ऋतु

101. रीतिकाल में रचित अधिकांश काव्य इनमें से किस प्रकार का है ?

(1) मुक्तक

(2) प्रबन्ध

(3) कथाकाव्य

(4) चम्पू

102. आधुनिक काल को 'वर्तमान काल' नाम किसने दिया ?

(1) रामचन्द्र शुक्ल

(2) मिश्रबन्धु

(3) डॉ. रामकुमार वर्मा

(4) डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त

103. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की निम्नांकित में से कौन सी रचना ब्रजभाषा में है—

(1) प्रियप्रवास

(2) वैदेही वनवास

(3) रसकलश

(4) कबीर कुण्डल



collegedunia
India's largest Student Review Platform

104. छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है— यह कथन किसका है ?

(1) डॉ. नगेन्द्र

(2) रामचन्द्र शुक्ल

(3) जयशंकर प्रसाद

(4) महादेवी वर्मा

105. कामायनी में कुल कितने सर्ग हैं—

(1) बारह

(2) चौदह

(3) पन्द्रह

(4) सत्रह

106. निराला की किस रचना में उनके व्यक्तिगत जीवन का सत्य उजागर नहीं हुआ है—

(1) राम की शक्तिपूजा

(2) तुलसीदास

(3) कुकुरमुत्ता

(4) सरोज-स्मृति

107. श्वानों को मिलता दूध वस्त्र भूखे बालक अकुलाते हैं— दिनकर की यह पंक्ति किस विचारधारा से प्रभावित है ?

(1) मनोविश्लेषणवादी

(2) मार्क्सवादी

(3) यथार्थवादी

(4) प्रभाववादी

108. शेखर:एक जीवनी उपन्यास है—

(1) मनोविश्लेषणवादी

(2) सामाजिक

(3) ऐतिहासिक

(4) सांस्कृतिक



collegedunia
India's largest Student Review Platform

109. हिन्दी प्रदीप के सम्पादक कौन थे ?

(1) प्रतापनारायण मिश्र (2) गणेशशंकर विद्यार्थी

(3) पं. बालकृष्ण भट्ट (4) राधाचरण गोस्वामी

110. नयी कविता पत्रिका का प्रकाशन कब आरम्भ हुआ ?

(1) 1950 ई. (2) 1951 ई.

(3) 1952 ई. (4) 1954 ई.

111. 'लकड़बग्घा हँस रहा है' के रचनाकार हैं—

(1) लीलाधर जगूड़ी (2) चन्द्रकान्त देवताले

(3) दिविक रमेश (4) प्रयाग शुक्ल

112. नई कविता की कौन सी विशेषता नहीं है—

(1) बौद्धिकता (2) क्षणवादिता

(3) अतिशय वैयक्तिकता (4) मार्क्सवादी दर्शन

113. स्थापना (Assertation)—(अ) नई कविता और गीत एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, वे एक-दूसरे के पूरक हैं। नई कविता से जो कुछ छूट गया है, उसे वाणी दी है गीत ने और गीत अभी तक जिसकी ओर से उदासीन रहा है, उसे अभिव्यक्त किया है कविता ने।

तर्क (Reason)—(ब) नवगीत और नई कविता में अन्तर सिर्फ इतना है कि नई कविता बौद्धिक ज्यादा है तथा नवगीत हृदय का सहारा लिए रहता है। नवगीत को कुछ विद्वान् नई कविता का पूरक न मानकर गीतकाव्य का नया विकास मानते हैं।

उक्त कथन के आलोक में निम्न में से सही कथन का चयन कीजिए—

(1) अ सही ब गलत (2) अ गलत ब सही

(3) अ आंशिक सही ब आंशिक सही (4) अ और ब दोनों गलत



collegedunia
India's largest Student Review Platform

114. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए और सही कोड का चयन कीजिए

| सूची-1 (उपन्यासकार) | सूची-2 (उपन्यास का नाम) |
|---|---|
| (अ) जैनेन्द्र | (1) वे दिन |
| (ब) निर्मल वर्मा | (2) जूठन |
| (स) ओमप्रकाश वाल्मीकि | (3) आओ पेपे घर चलें |
| (द) प्रभा खेतान | (4) मुक्तिबोध |
| | (5) अर्चना |

| कूट: | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (2) | 3 | 5 | 1 | 2 |
| (3) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (4) | 1 | 3 | 2 | 5 |

निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़कर उस पर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 115-119 तक) के उत्तर दिए गए विकल्पों से चुनिए—

सन्तकाव्य का मूल्यांकन करते हुए यह कहा जा सकता है कि वह अकृत्रिम, सहज एवं अनुभूतिजन्य है। आचरण की शुद्धता पर बल देकर एवं बाह्याडम्बरों का खण्डन करके सन्तकवियों ने समाज को एक नई दिशा दी। मनुष्यत्व की भावना को आगे करके उन्होंने जनता में आत्मगौरव का भाव जगाया। समाज के प्रति उनका दृष्टिकोण प्रगतिशील एवं क्रान्तिकारी था। शास्त्रप्रमाण की तुलना में आत्मचिन्तन कोमहत्व देकर उन्होंने वैचारिक क्रान्ति का सूत्रपात किया। कबीर जैसे कवि किसी भी भाषा के गौरव हैं। मानवता को उच्च आदर्श पर प्रतिष्ठित करने के लिए उन्होंने जो क्रान्तिकारी विचार प्रस्तुत किये, वे उनकी महानता के प्रमाण हैं। सामाजिक विसंगतियों, धार्मिक विडम्बनाओं, रूढ़िवादी विचारों एवं अन्धविश्वासों का खण्डन करते हुए सन्त कवियों ने समाज को सशक्त, निर्दोष एवं कल्याणकारी मार्ग पर अग्रसर किया।



(Continued)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

भारतीय धर्म साधना में सन्तों का महत्वपूर्ण स्थान है। जीव, ब्रह्म, जगत् और माया के सम्बन्ध में उनके विचार भारतीय दर्शन की परम्परा के अनुरूप हैं। कबीर में आत्मा की विरहाकुलता आत्मशुद्धि से सम्पृक्त है। वे धर्म में कर्मकाण्ड को महत्व न देकर आचरण पर बल देते हैं। वर्णाश्रम व्यवस्था पर उन्होंने करारी चोट की, बाह्याडम्बरों का खुलकर विरोध किया। कबीर बहुश्रुत थे, भले ही पढ़े-लिखे न थे। उन्हें जहाँ से भी जो अच्छा मिला सहर्ष ग्रहण कर लिया। यही कारण है कि सन्तकाव्य पर नाथपंथियों, अद्वैत वेदान्त, वैष्णव धर्म, बौद्ध धर्म, सिद्ध सम्प्रदाय का प्रभाव परिलक्षित होता है। सन्तकाव्य में अनुभूति की सच्चाई एवं अभिव्यक्ति का खरापन विद्यमान है।

**115.** उक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक है—

(1) सन्तकाव्य की देन

(2) सन्तकाव्य का मूल्यांकन

(3) सन्तकाव्य का स्थान

(4) सन्त काव्य पर विभिन्न सम्प्रदायों, दर्शनों का प्रभाव

**116.** इनमें से कौन सा कार्य सन्तकवियों ने किया—

(1) जनता में आत्मगौरव का भाव जगाना (2) समाज को नई दिशा देना

(3) रूढ़िवाद का खण्डन करना (4) उक्त सभी

**117.** उक्त अवतरण की शैली किस प्रकार की है ?

(1) विवरणात्मक (2) विवेचनात्मक

(3) गवेषणात्मक (4) आलोचनात्मक

**118.** लेखक के मत में कबीर पर किसका प्रभाव है ?

(1) नाथपंथ का (2) अद्वैत वेदान्त एवं वैष्णव धर्म का

(3) बौद्ध धर्म एवं सिद्ध सम्प्रदाय का (4) इन सभी का।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

119. शास्त्रप्रमाण की तुलना में आत्मचिन्तन को किसने महत्त्व दिया—

(1) सूफियों ने
(2) सन्तकवियों ने
(3) वैष्णवों ने
(4) नाथपंथियों ने

120. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका का सम्पादन कब से प्रारम्भ किया ?

(1) 1900 ई.
(2) 1901 ई.
(3) 1903 ई.
(4) 1910 ई.

121. पन्त को उनकी किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया—

(1) लोकायतन
(2) चिदम्बरा
(3) स्वर्णधूलि
(4) किरण-वीणा

122. अन्धायुग किस विधा की पुस्तक है ?

(1) काव्य
(2) नाटक
(3) गीतिनाट्य
(4) नौटंकी

123. शासकीय गुप्तबात अधिनियम का सही वर्ष चुनिए—

(1) 1975
(2) 1823
(3) 1923
(4) 1984



*(Continued)*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

124. सन् 1930 में गढ़वाली अखबार के सम्पादक थे—

(1) गिरिजा दत्त नैथानी (2) विश्वम्भर दत्त चन्दोला

(3) तारादत्त गैरोला (4) चारुचन्द्र चन्दोला

125. एक अच्छे आलेखन की कौन सी विशेषता नहीं है ?

(1) स्पष्टता (2) बिन्दुवार

(3) सामान्य भाषा (4) पक्षपातपूर्ण

126. प्रेस की स्वतंत्रता सम्बन्धित है—

(1) सूचना का अधिकार नियम से

(2) वाक् तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार से

(3) धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार से

(4) कार्य की स्वतंत्रता के अधिकार से

127. टीवी पर आपकी अदालत कार्यक्रम कौन प्रस्तुत करता है ?

(1) बरखा दत्त (2) प्रभु चावला

(3) रजत शर्मा (4) किरण वेदी

128. कागज और मुद्रण का आविष्कार सर्वप्रथम हुआ—

(1) यूरोप में (2) चीन में

(3) इंग्लैंड में (4) जापान में



collegedunia
India's largest Student Review Platform

129. एक स्वतंत्र पत्रकार में नहीं होनी चाहिए—

(1) एक दृढ़ लेखन क्षमता
(2) लेखन के प्रति लगाव
(3) पढ़ने की आदत
(4) आलसी प्रवृत्ति

130. प्रेस परिषद् कार्यालय स्थित है—

(1) दिल्ली में
(2) मुम्बई में
(3) कोलकाता में
(4) मद्रास में

131. हिन्दी गद्य का जनक कौन माना जाता है ?

(1) राजा शिव प्रसाद सितारेहिन्द
(2) राजा लक्ष्मण सिंह
(3) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(4) महावीर प्रसाद द्विवेदी

132. आधुनिक हिन्दी कहानी का आरम्भ सरस्वती पत्रिका के सन् 1900 ई. में प्रकाशित किस अंक की कहानी से माना जाता है ?

(1) इंदुमती
(2) नासिकेतोपाख्यान
(3) रानी केतकी की कहानी
(4) यमलोक की यात्रा

133. नृत्य में कितने वर्ण हैं ?

(1) दो
(2) तीन
(3) चार
(4) पाँच





collegedunia
India's largest Student Review Platform

134. भारतीय संविधान में अब कितनी भाषाएँ सम्मिलित की गई हैं—

(1) उन्नीस
(2) पन्द्रह
(3) बाइस
(4) अट्ठारह

135. निम्नांकित में से कौन सा व्यंजन तालव्य है ?

(1) ट
(2) घ
(3) ज
(4) स

136. अवधी में किस कारक चिह्न का प्रयोग नहीं होता

(1) कर्ता
(2) कर्म
(3) सम्प्रदान
(4) सम्बन्ध

137. महादेवी वर्मा की किस रचना पर उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?

(1) दीपशिखा
(2) यामा
(3) नीरजा
(4) नीहार

138. निम्नलिखित में तत्सम शब्द कौन सा है ?

(1) सिक्ख
(2) सिख
(3) सिष
(4) शिष्य



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

139. प्रादुर्भाव शब्द में सही उपसर्ग बताइए—

(1) प्र
(2) प्रा
(3) प्रादुर्
(4) परा

140. निम्नलिखित में से उपसर्गरहित शब्द छाँटिए—

(1) नाखुश
(2) नौकर
(3) नागवार
(4) निष्काम

141. निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में कृदन्त प्रत्यय का प्रयोग किया गया है ?

(1) रचित
(2) नशीला
(3) बौद्धिक
(4) बुढ़ापन

142. निम्नांकित में से किस शब्द में प्रत्यय का प्रयोग किया गया है ?

(1) स्वदेश
(2) स्वराज्य
(3) सराहनीय
(4) स्वभाव

143. 'परमोजस्वी' शब्द में सही सन्धिविच्छेद है—

(1) परम् + ओजस्वी
(2) परमो + जस्वी
(3) परमौज + स्वी
(4) परम् + ऊर्जस्वी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

144. संकटापन्न शब्द में कौन सा समास है ?

(1) बहुव्रीहि
(2) कर्मधारय
(3) तत्पुरुष
(4) अव्ययीभाव

145. 'अपना सिक्का जमाना' मुहावरे का अर्थ है—

(1) किसी को धौंस दिखाना
(2) लोगों को आतंकित करना
(3) प्रशासनिक कार्य कुशल होना
(4) अपना प्रभुत्व स्थापित करना

146. 'उतर गई लोई तो क्या करेगा कोई' कहावत का सही अर्थ है—

(1) प्रतिष्ठा चली जाने पर व्यक्ति निर्लज्ज और निर्भीक हो जाता है।
(2) साधनहीन व्यक्ति विवश होता है।
(3) बदनाम व्यक्ति को बुराई से क्या डर ?
(4) सब नष्ट हो जाने के बाद सहायता का क्या लाभ ?

147. 'आपका पथ प्रशस्त हो' यह वाक्य है—

(1) इच्छावाचक
(2) आज्ञावाचक
(3) विधिवाचक
(4) संकेतवाचक

148. 'भारत में संसदीय शासन प्रणाली है, जिसमें वास्तविक कार्यपालिका प्रधानमंत्री तथा...... में निहित है'—इस वाक्य के रिक्त स्थान में सही शब्द कौन सा आएगा ?

(1) मंत्रिमण्डल
(2) जनता
(3) राज्यसभा
(4) राष्ट्रपति





collegedunia
India's largest Student Review Platform

149. जिस छन्द के पहले और तीसरे चरण में 11-11 मात्राएँ तथा दूसरे और चौथे चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं वह कौन सा छन्द है ?

(1) दोहा
(2) चौपाई
(3) सोरठा
(4) बरवै

150. निम्न में से असत्य कथन कौन सा है—

(1) क–अघोष, अल्पप्राण
(2) घ–सघोष, महाप्राण
(3) ख–अघोष, महाप्राण
(4) द–सघोष, अल्पप्राण





collegedunia
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

**(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली / काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)**

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख ले कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद है और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।

2. परीक्षा भवन में *लिफाफा रहित प्रवेश–पत्र के अतिरिक्त,* लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।

3. उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है । इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें । दूसरा उत्तर–पत्र नहीं दिया जायेगा । केवल उत्तर–पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा ।

4. अपना *अनुक्रमांक तथा उत्तर–पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण–पृष्ठ पर पेन से* निर्धारित स्थान पर लिखें ।

5. *उत्तर–पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें । जहाँ– जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न–पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें ।*

6. ओ. एम. आर. पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्न-पुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्न-पुस्तिका पर अनुक्रमांक संख्या और ओ. एम. आर. पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है ।

7. उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा वह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।

8. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं । *प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिये आपको उत्तर–पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर–पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है ।*

9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें । एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा ।

10. *ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है* । यदि आप किसी प्रश्न का *उत्तर नहीं देना चाहते हैं* , तो सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें । ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे ।

11. रफ कार्य के लिये इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा अंतिम खाली पृष्ठ का प्रयोग करें ।

12. परीक्षा के उपरान्त *केवल ओ. एम. आर. उत्तर–पत्र ही* परीक्षा भवन में जमा करें।

13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी ।

14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की भागी होगा/होगी ।

collegedunia
India's largest Student Review Platform